# ओवर ब्रिज, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स और सुपर कॉरिडोर पर नई आवासीय योजना

▶ आईडीए ने साढ़े चार करोड़ लाभ के साथ 1 हजार करोड़ से ज्यादा राशि का बजट किया पारित



नव भारत न्यूज

**इंदौर. आईडीए ने मंगलवार को अपना वार्षिक बजट पेश किया. इसके तहत इस साल 573.18 करोड़ रुपए आय और 568.60 करोड़ व्यय का प्रावधान किया है. कुल आय व्यय से 4.58 करोड़ रुपए अनुमानित फायदा होना बताया है. बजट में इस वर्ष तीन फ्लाई ओवर ब्रिज, दो स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, कन्वेंशन सेंटर, स्टार्ट अप पार्क, सुपर कॉरिडोर पर नई आवासीय योजना का प्रस्ताव किया गया है.**

आज संभागायुक्त डॉ सुदामा खाडे ने कलेक्टर शिवम वर्मा, निगम आयुक्त और सीईओ डॉ परीक्षित झाड़े और अन्य सदस्यों की मौजूदगी में आईडीए का सालाना बजट पारित किया. बजट पिछले साल की राशि से करीब 6 सौ करोड़ रुपए कम का बनाया गया है. पिछड़े साल आईडीए ने 1597.68 करोड़ रुपए का बजट पेश किया था. इसमें 88.13 करोड़ लाभ दर्शाया गया था. संभागायुक्त डॉ सुदामा खाड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 26-27 में अनुमानित आय 573.18 करोड़ और अनुमानित व्यय 568.60 करोड़ का व्यय अनुमानित है. उन्होंने कहा कि कुल 4.58 करोड़ रुपए लाभ का बजट पारित किया गया है। पहले की अतिरिक्त राशि 598.04 करोड़ को शामिल करते हुए 602.62 करोड़ रुपए बाकी रहने का अनुमान है. कुल मिलाकर इस साल 26-27 के बजट में 1020.93 करोड़ आय होने का अनुमान है. वहीं 993.86 करोड़ रुपए व्यय करने का प्रावधान किया गया है. बजट में पिछले साल के निर्माणाधीन फ्लाई ओवर, मास्टर प्लान की सड़कें, टीपीएस योजनाओं का विकास कार्य एवं विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे अमानती कार्य शामिल है. बैठक में पीडब्ल्यूडी मुख्य अभियंता सीएस खरत, टीएनसीए संयुक्त संचालक शुभाशीष बैनर्जी, पीएचई मुख्य अभियंता सुनील कुमार उदिया, एमपीईबी मुख्य अभियंता राजेश जैन और सहायक वन संरक्षक लाल सुधाकर सिंह मौजूद थे.

**योजना 78 अरण्य की लीज नवीनीकरण का रास्ता साफ** - आज बोर्ड बैठक में योजना 78 अरण्य में स्थित मकानों के लीज नवीनीकरण किया. इसमें नगर निगम का तय समय में नक्शा मंजूर कर नवीनीकरण कर साथ आवेदन करेंगे. इससे योजना 78 अरण्य के दो हज़ार कमजोर आय वर्ग की जनता को फायदा मिलेगा.

### ▶ शहर में तीन नए फ्लाई ओवर का प्रावधान

शहर में टीपीएस-5 कनाडिया बायपास, टीपीएस-8 और चंदन नगर धार रोड पर फ्लाई ओवर ब्रिज बनने का प्रस्ताव आईडीए द्वारा किया गया है.

**दो स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स निर्माण का फैसला** -शहर के पश्चिम क्षेत्र में दशहरा मैदान पर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाने का प्रस्ताव किया गया है, जिसके निर्माण में 35 करोड़ रुपए खर्च होंगे. उक्त राशि राज्य सरकार द्वारा दी जाएगी. दूसरा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स सुपर कॉरिडोर पर 1 हजार करोड़ रुपए की लागत से पीपीपी मॉडल पर निर्मित करने की स्वीकृति दी गई है. इसके कंसल्टेंट और ट्रेंजेक्शन एडवाइजर लिए टेंडर में मुंबई की एरंस्ट एंड यंग एलएलपी का चयन किया गया है.

**नई आवासीय योजना** -इकोनॉमिक कॉरिडोर के पास ग्राम नैनोद, कोडियाबर्डी और छोटा बांगड़दा में छोटे और मध्यम आकार के आवासीय प्लॉट की योजना के टीएनसीपी को नक्शा मंजूर करने का निर्णय लिया है.

### इन विकास कार्यों के टेंडर भी मंजूर किए...

✍ टीपीएस योजनाओं में इलेक्ट्रिकल और अन्य सर्विस केडी लिए टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर का 11 सौ करोड़ रुपए का टेंडर मंजूर

✍ टीपीएस 08 में ग्राम कुमेडी से लसूडिया मोरी तक विकास कार्य हेतु 84..85 करोड़ और टीपीएस 8 में ही ग्राम कनाडिया, बिचौली हप्सी और टिगरिया राव के विकास कार्य 59.34 करोड़ के टेंडर मंजूर किए गए.

✍ लेवल टू फ्लाई ओवर की सर्विस रोड निर्माण कार्य का 13.30 करोड़ का टेंडर स्वीकृत किया गया है.

✍ योजना 151 और 160 बी के सेक्टर ए, बी, सी और डी के बचे विकास कार्य के लिए 24.54 करोड़ का टेंडर को मंजूरी दी गई. इस तरह आईडीए संचालक मंडल ने 193 करोड़ रुपए के टेंडरों को स्वीकृत किया.

## एक नजर में

### गैलेक्सी ए57 और ए37 नए एआई फीचर्स के साथ लॉन्च

इंदौर. सैमसंग ने अपने नए स्मार्टफोन गैलेक्सी ए57 5जी और गैलेक्सी ए37 5जी को भारत में लॉन्च कर दिया है. ये डिवाइस यूज़र्स को बेहतरीन एआई अनुभव, वॉइस और ट्रांसलेशन क्षमताएं और एडवांस फोटोग्राफी फीचर्स प्रदान करते हैं. ये फोन ऑन-डिवाइस प्रोसेसिंग (फोन के भीतर ही प्रोसेसिंग) को प्राथमिकता देते हैं, जिससे स्पीड, सुरक्षा और एफिशिएंसी में सुधार होता है. नया और खास फीचर 'डायरेक्ट वॉइसमेल' है. अगर आप कॉल नहीं उठा पाते, तो यह सुविधा कॉलर को मैसेज छोड़ने का विकल्प देती है. एआई इसे तुरंत टेक्स्ट में बदल देता है और फोन में सुरक्षित सेव कर लेता है, यानी इसके लिए आपको नेटवर्क ऑपरेटर पर निर्भर रहने की ज़रूरत नहीं है. इसके साथ ही, नया एन्हांस्ड ट्रांसलेशन और ट्रांसक्रिप्शन फीचर भारत में अंग्रेज़ी, हिंदी और गुजराती भाषाओं को सपोर्ट करता है. यह आपकी आवाज़ को टेक्स्ट में बदल देता है और तुरंत उसका अनुवाद कर देता है, ताकि यूज़र्स उसे अपनी भाषा में पढ़ सकें. शोर-शराबे वाली जगह पर भी साफ़ बात करने के लिए इसमें कॉल कैप्शन्स फीचर दिया गया है, जो रियल-टाइम में कॉल का टेक्स्ट स्क्रीन पर दिखाता है—यानी आप एक साथ सुन और पढ़ भी सकते हैं. सैमसंग के एआई को सभी के लिए सुलभ बनाने के वादे के तहत, इन दोनों फोंस में ऑसम इंटेलिजेंस को हर स्तर पर जोड़ा गया है.

### कॉइन डीसीएक्स ने डीएसएन के लिए सौ करोड़ फंड की घोषणा की

इंदौर. देश के अग्रणी क्रिप्टो एक्सचेंज कॉइन डीसीएक्स ने भारत के डिजिटल फाइनेंस इकोसिस्टम को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से डिजिटल सुरक्षा नेटवर्क (डीएसएन) के लिए 100 करोड़ रुपए के फंड की घोषणा की है. कंपनी का कहना है कि यह पहल केवल एक प्लेटफ़ॉर्म की सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे डिजिटल इकोसिस्टम को साइबर धोखाधड़ी से सुरक्षित बनाने की दिशा में एक व्यापक प्रयास है. कॉइन डीसीएक्स के सह-संस्थापक सुमित गुप्ता और नीरज खंडेलवाल ने हाल ही में उनके साथ हुई एक घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि 21 मार्च को उन्हें एक फ्रॉड शिकायत के मामले में पुलिस हिरासत में लिया गया था. हालांकि, 24 मार्च को ठाणे कोर्ट ने उन्हें ज़मानत देते हुए स्पष्ट किया कि उनके खिलाफ कोई मामला नहीं बनता. जांच में सामने आया कि धोखाधड़ी एक फर्जी वेबसाइट कॉइनडीसीएक्स.प्रो के माध्यम से की गई थी, जिसका कॉइनडीसीएक्स से कोई संबंध नहीं था. कंपनी के अनुसार, इस घटना ने डिजिटल इकोसिस्टम की एक बड़ी कमी को उजागर किया- असली और नकली प्लेटफ़ॉर्म के बीच अंतर करने के लिए पर्याप्त तंत्र का अभाव. कंपनी ने कहा कि डिजिटल ट्रांज़ैक्शन्स की तेज़ी से बढ़ती संख्या के साथ धोखाधड़ी के खतरे भी बढ़ रहे हैं और मौजूदा सिस्टम इससे निपटने में पर्याप्त सक्षम नहीं है.

### गीता भवन में कल स्वामी रामनरेशाचार्य के सानिध्य में महाआरती



इंदौर. मनोरमागंज स्थित गीता भवन में हनुमान प्राकट्य महोत्सव में 2 अप्रैल को सुबह 4.30 बजे से हनुमान जयंती पर सुंदर काण्ड का पाठ प्रारम्भ होगा. सुबह 6.30 बजे तक जगदगुरू रामानंदाचार्य, श्रीमठ काशी पीठाधीश्वर स्वामी रामनरेशाचार्य महाराज के सानिध्य में हनुमान जन्मोत्सव एवं आरती का आयोजन होगा. गीता भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरन, रामविलास राठी, मनोहर बाहेती ने बताया कि जगदगुरू रामानंदाचार्य इंदौर पधार चुके हैं. वे 2 अप्रैल को सुबह 7 बजे आरती करेंगे.

### इनडीड पर भारतीय जॉब पोस्टिंग में 1.6% की वृद्धि

इंदौर. फरवरी 2026 में इनडीड पर भारतीय जॉब पोस्टिंग में 1.6प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिसने मजबूत बढ़त के सिलसिले को समेकित करते हुए एक साल पहले की तुलना में 7.0प्रतिशत अधिक का स्तर हासिल किया. जॉब पोस्टिंग अब महामारी से पहले के स्तर से 87प्रतिशत ऊपर हैं जो भारत के श्रम बाजार में हो रहे बदलाव का प्रमाण है, भले ही ये अपने जनवरी 2023 के उच्चतम स्तर से 14प्रतिशत नीचे हैं. इनडीड एपीएसी के वरिष्ठ अर्थशास्त्री, कैलम पिकरिंग ने कहा पिछले साल के अंत में हुई मजबूत बढ़त को समेकित करते हुए, भारतीय जॉब पोस्टिंग में फरवरी में रिकवरी जारी रही. फरवरी में 5प्रतिशत की बेरोजगारी दर के साथ, ऐसा लगता है कि भारत अपने मौजूदा आर्थिक परिवर्तन को समर्थन देने के लिए पर्याप्त से अधिक नौकरियां पैदा कर रहा है. पिकरिंग ने आगे कहा मध्य पूर्व में संघर्ष के कारण बढ़ती मुद्रास्फीति और परिवारों तथा व्यवसायों की बढ़ती सतर्कता के चलते भारतीय अर्थव्यवस्था को इस साल कुछ कड़ी आर्थिक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा. लेकिन दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने के नाते, भारत इस झटके को सहने के लिए अपेक्षाकृत अच्छी स्थिति में है.

### स्विगी ने आईआईएम इंदौर की दो छात्राओं को किया सम्मानित

इंदौर. स्विगी ने आईआईएम इंदौर की छात्राओं डॉ. आरुषि चंद्रा और देव्यानी वाल्हे को वुमेन लीडर्स ऑफ टुमारो में शामिल करते हुए सम्मानित किया. ये दोनों देशभर की 13 यंग वुमेन अचीवर्स की सूची में शामिल हुई हैं, जिन्हें उनके काम के प्रभाव और वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने के लिए पहचाना गया हैद चाहे वह चंद्र नेविगेशन के लिए एआई मॉडल बनाना हो, किफायती स्वास्थ्य सेवाएं विकसित करना हो या ग्रामीण कारीगरों के लिए सतत आजीविका के अवसर तैयार करना हो. एक दंत चिकित्सक के रूप में, डॉ. चंद्रा ने वंचित समुदायों के साथ काम करते हुए गलत जानकारी, भरोसे की कमी और आर्थिक बाधाओं जैसी संरचनात्मक चुनौतियों को देखा, जो मरीजों के इलाज बीच में छोड़ने का कारण बनती हैं. इन समस्याओं को समझते हुए, उन्होंने कम लागत वाले इंटरवेंशन्स तैयार करने का निर्णय लिया, जिससे मरीजों के अनुपालन में सुधार हो सके. देवयानी एक राष्ट्रीय स्तर की रैंक 2 भारतीय पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी (क्लास 10) हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय पैरा टेबल टेनिस चैंपियनशिप (2018-2020) में लगातार कांस्य पदक जीते हैं और 2021 में स्वर्ण पदक हासिल किया. हाल ही में, उन्होंने खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 (दिल्ली) में स्वर्ण पदक जीता. स्विगी ने मार्च 2026 में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर वुमेन लीडर्स ऑफ टुमारो अभियान की शुरुआत की.

### गार्नियर कलर नेचुरल्स ने मनाया मां-बेटी के भरोसे का जश्न

इंदौर. गार्नियर कलर नेचुरल्स ने अपने जुड़ाव को और मज़बूत करते हुए अभिनेत्री रवीना टंडन के साथ अब उनकी बेटी राशा थडानी को भी अपने नए कैंपेन में शामिल किया है. यह कैंपेन एक असली माँ-बेटी की जोड़ी को सामने लाता है, जो ब्रांड के मुख्य स्तंभ भरोसे को उजागर करते हुए घर पर आसान हेयर कलरिंग का जश्न मनाता है. यह ब्रांड के लिए एक स्वाभाविक प्रगति है, जिसमें गार्नियर कलर नेचुरल्स की भरोसेमंद, नैचुरल दिखने वाली हेयर कलरिंग की विरासत को रवीना की पीढ़ियों तक गूंजती अपील और राशा की नई पीढ़ी की ताज़गी व जुड़ाव के साथ जोड़ा गया है. अजय सिम्हा, जनरल मैनेजर, गार्नियर ने कहा गार्नियर कलर नेचुरल्स लंबे समय से घर पर हेयर कलरिंग का एक आइकॉन रहा है, जिस पर पीढ़ियों से महिलाएँ भरोसा करती आई हैं इसके रिच, नैचुरल दिखने वाले रंग और आसान इस्तेमाल के लिए. यह ब्रांड माँ और बेटियों दोनों का पसंदीदा रहा है, इसलिए रवीना टंडन और राशा थडानी इस कहानी को जीवंत बनाने के लिए स्वाभाविक चुनाव हैं. ऐसे समय में जब घर पर हेयर कलरिंग का कैटेगरी बदल रहा है, यह कैंपेन हमारी विरासत को आगे बढ़ाता है और भरोसे को बातचीत के केंद्र में रखता है.

# आज से इंदौर में दूध महंगा, नई दरें लागू

▶ बढ़े दामों का असर सीधे उपभोक्ताओं पर



नवभारत न्यूज

**इंदौर. महंगाई की मार अब लोगों के घर तक पहुंच गई है। नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत के साथ ही इंदौर सहित मध्यप्रदेश के कई शहरों में दूध के दामों में बढ़ोतरी की घोषणा की गई है. इंदौर दुग्ध विक्रेता संघ की कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मिति से यह निर्णय लिया गया कि पशु आहार और दुधारू पशुओं की बढ़ती कीमतों के कारण दूध के भाव बढ़ाना आवश्यक हो गया है. नई दरें 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगी.**

अभी तक घर पहुंच सेवा के तहत मासिक उपभोक्ताओं को दूध 60 रुपये प्रति लीटर मिल रहा था, जो अब बढ़कर 63 रुपये प्रति लीटर हो जाएगा. इस दर में 1 रुपये प्रति लीटर होम डिलीवरी शुल्क शामिल है. वहीं, डेयरी और दुकानों पर खुला दूध अब 65 रुपये प्रति लीटर के भाव से मिलेगा. दूध की कीमतों में वृद्धि से किसानों और दुग्ध उत्पादकों को भी लाभ मिलेगा. अब उत्पादकों को प्रति फैट 35 पैसे अधिक मिलेंगे, जबकि मावा प्रणाली से दूध बेचने वाले किसानों को 2 रुपये प्रति लीटर अतिरिक्त दिए जाएंगे. यह निर्णय मंगलवार को संघ की बैठक में लिया गया.

**फैट प्रणाली सख्ती से होगी लागू**-दूध की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए अब फैट प्रणाली को सख्ती से लागू किया जाएगा. पहले उत्पादकों से 8.60 रुपये प्रति फैट के हिसाब से दूध खरीदा जा रहा था, जिसे अब बढ़ाकर 8.95 रुपये प्रति फैट कर दिया गया है. इस बदलाव से उत्पादकों को राहत मिलेगी, लेकिन इसका सीधा असर उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ेगा.

### ▶ पशु आहार की कीमतों में हो रही वृद्धि

संघ के अध्यक्ष भारत मथुरावाला की अध्यक्षता में हुई बैठक में दूध की गुणवत्ता और विक्रेताओं की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई. उन्होंने बताया कि कपास खली, चारा और अन्य पशु आहार की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हुई है। साथ ही दुधारू पशुओं की खरीद भी महंगी हो गई है. इन बढ़ती लागतों को देखते हुए दूध के दाम बढ़ाना जरूरी हो गया था, ताकि गुणवत्ता बनाए रखी जा सके.

# कलेक्टर की पहल से बुजुर्ग महिला को मिली घर की रजिस्ट्री

▶ मिठाई देकर जताया मुख्यमंत्री व कलेक्टर का आभार

▶ आमजन की समस्याएं सुनकर किया त्वरित निराकरण



**इंदौर. कलेक्टर कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई एक बार फिर आमजन के लिए राहत का माध्यम बनी. कलेक्टर शिवम वर्मा ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना तथा कई प्रकरणों का मौके पर ही त्वरित समाधान किया. शेष मामलों में संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समयसीमा में कार्रवाई करने के निर्देश दिए.**

जनसुनवाई में आए एक प्रकरण में एक बुजुर्ग महिला श्रीमती सावित्री मंडलोई ने अपनी वर्षों पुरानी समस्या से अवगत कराया था. उन्होंने बताया कि कॉलोनी में घर निर्माण के बाद भी उन्हें रजिस्ट्री नहीं दी गई, जिसके चलते वे कई सालों से परेशान थी, लेकिन समाधान नहीं हो पा रहा था. कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया, जिसके परिणामस्वरूप महिला के घर की रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूर्ण कराई गई. समस्या के समाधान से राहत महसूस करते हुए श्रीमती मंडलोई आज जनसुनवाई में मिठाई लेकर पहुंचीं और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा कलेक्टर शिवम वर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया.

### प्लॉट-संपत्ति विवाद के भी आवेदन आए

कलेक्टर शिवम वर्मा ने आमजन से प्रत्यक्ष संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं. जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. जनसुनवाई में कई आवेदन प्राप्त हुए जिसमें मुख्य रूप में प्लॉट, संपत्ति, पारिवारिक विवाद, चिकित्सा सहायता और रोजगार से जुड़े प्रकरण रहे. जनसुनवाई में सभी विभागीय अधिकारियों और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पंवार, रोशन राय ने जनसुनवाई में भाग लेकर नागरिकों की समस्याओं को सहानुभूति के साथ सुना और उनका निराकरण किया.

# बचपन प्ले स्कूल ट्रेजर फैंटेसी मेस्ट्रो अवॉर्ड से सम्मानित

**इंदौर. शहर के प्रतिष्ठित बचपन प्ले स्कूल, ट्रेज़र फैंटेसी को शिक्षा के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है. संस्थान को प्रतिष्ठित 8वें मेस्ट्रो अवार्ड में समग्र विकास में उत्कृष्टता के लिए जूरी अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है.**



यह सम्मान नई दिल्ली स्थित जनकपुरी डिस्ट्रिक्ट सेंटर में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया. समारोह में कॉमनवेल्थ के स्वर्ण पदक विजेता टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल ने बचपन प्ले स्कूल, ट्रेज़र फैंटेसी, इंदौर की प्रिंसिपल पलक विकास वर्मा को यह सम्मान प्रदान किया. यह अवॉर्ड शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, नवाचार और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए दिया जाता है. खास बात यह है कि पूरे मध्य प्रदेश के प्रतियोगी स्कूलों में से यह सम्मान केवल बचपन प्ले स्कूल, ट्रेज़र फैंटेसी, इंदौर को ही प्राप्त हुआ है। साथ ही, यह सम्मान संस्थान को लगातार दूसरे वर्ष मिला है, जो इसकी निरंतर उत्कृष्टता को दर्शाता है. संस्थान द्वारा बच्चों के बौद्धिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है.

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय

▶ कलेक्टर ने बैठक में चर्चा कर दिए निर्देश



नव भारत न्यूज

**इंदौर. कलेक्टर कार्यालय में सड़क सुरक्षा समिति के बैठक हुई. बैठक में यातायात सुधार को लेकर पार्किंग बढ़ाने, लेफ्ट टर्न चौड़े करने, नए ब्लैक स्पॉट, सड़क किनारे पार्किंग पर चलानी कार्रवाई करने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई. बैठक में बिजासन माता मंदिर और एयरपोर्ट के बीच में स्थित सर्विस रोड बनाने का प्रस्ताव किया गया है.**

बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि सड़क सुरक्षा में प्रमुख रूप से पार्किंग स्पेस विकसित करने, प्रमुख चौराहों पर लेफ्ट टर्न को फ्री करने तथा ब्लैक स्पॉट्स (दुर्घटना संभावित स्थलों) के सुधार का काम किया जा रहा है. उन्होंने बताया कि जिले में ब्लैक स्पॉट्स की संख्या में कमी आई है. शहर में कुछ नए स्थान चिन्हित हुए हैं, जिनका सुधार कार्य चल रहा है. कलेक्टर ने कहा कि इंजीनियरिंग सुधारों की सतत मॉनिटरिंग की जा रही है. संबंधित विभागों से यातायात सुधार की नियमित समीक्षा भी की जा रही है. उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा प्रभावी क्रियान्वयन हुआ है, जिससे यातायात में सुधार हुआ है. यातायात व्यवस्था सुधार के लिए शहर के आठ प्रमुख मार्गों को चिन्हित किया गया है. वहां अतिक्रमण के कारण जाम की स्थिति बनती है. प्रमुख मार्गों पर अतिक्रमण हटाने, लेफ्ट टर्न चौड़ा करने तथा विद्युत खंभों एवं डीपी शिफ्टिंग की कार्रवाई जारी है. बैठक में नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, एसपी ग्रामीण यांगचेन भूटिया, डीसीपी ट्रैफिक राजेश त्रिपाठी, अपर आयुक्त आकाश सिंह, स्मार्ट सिटी सीईओ अर्थ जैन, अपर कलेक्टर रोशन राय सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे.

### अवैध पार्किंग पर की चालानी कार्रवाई


कलेक्टर वर्मा को यातायात पुलिस ने बताया कि सड़क किनारे खड़े वाहनों और अवैध पार्किंग पर चालानी कार्रवाई, वाहनों पर लॉक लगाने जैसी कार्रवाई की जा रही है. साथ ही शहर में पार्किंग स्थान बढ़ाने का अभियान चलाया जा रहा है. बेसमेंट पार्किंग वाले भवनों में पार्किंग का अनिवार्य उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है. राजवाड़ा क्षेत्र में सिटी बसों बंद करने के बाद ट्रैफिक में सुधार हुआ है. बैठक में ई-ऑटो रिक्शा के रूट प्लान पर भी चर्चा की गई. निर्माणाधीन बिजासन मेट्रो स्टेशन एवं बिजासन माता मंदिर के बीच रिक्त भूमि पर एयरपोर्ट टर्मिनल के सामने से केंद्रीय विद्यालय के पहले तक सर्विस रोड बनाने पर चर्चा हुई.

**एक नजर में** ▶ 10 टीमों ने 244 खिलाड़ियों पर लगाई बोली, खिलाड़ियों पर हुई रुपयों की बारिश...

# एमपीएल 2026 मेगा ऑक्शन: आशुतोष शर्मा सबसे महंगे खिलाड़ी

नवभारत न्यूज

**इंदौर.** इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग (एमपीएल) 2026 के पहले मेगा ऑक्शन में क्रिकेट का रोमांच चरम पर रहा. इस बार लीग का विस्तार करते हुए टीमों की संख्या 7 से बढ़ाकर 10 कर दी गई है, जिससे प्रदेश के युवा खिलाड़ियों को अधिक अवसर मिलने की उम्मीद है. आशुतोष शर्मा सबसे महंगे खिलाड़ी साबित हुए हैं.



आशुतोष शर्मा | अनिकेतल वर्मा | अक्षत रघुवंशी

ऑक्शन में सभी 10 टीमें 50 रुपए के पर्स के साथ उतरीं और कुल 244 खिलाड़ियों पर बोली लगाई गई. तेज गेंदबाज आवेश खान, आशुतोष शर्मा, अनिकेत वर्मा और शिवांग कुमार जैसे खिलाड़ियों पर फ्रेंचाइज़ियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली.

सबसे ज्यादा चर्चा आशुतोष शर्मा की-स मेगा ऑक्शन में सबसे ज्यादा चर्चा आशुतोष शर्मा की रही, जिन्हें मालवा स्टेलियंस ने 15 लाख रुपए में खरीदकर सबसे महंगा खिलाड़ी बनाया. उनके लिए कई टीमों के बीच जबरदस्त बोली युद्ध देखने को मिला.

**जून में होंगे मुकाबले**- नीलामी के बाद अब सभी टीमों की तस्वीर साफ हो रही है. जून में इंदौर में होने वाले मुकाबलों को लेकर उत्साह बढ़ गया है और क्रिकेट होने वाले असली मुकाबलों पर टिकी हैं. एमपीएल 2026 का यह मेगा ऑक्शन न सिर्फ खिलाड़ियों बल्कि मध्य प्रदेश क्रिकेट को नई दिशा देने वाला कदम भी माना जा रहा है.

### ▶ प्रतिभा दिखाने का मिलेगा मंच...

इस बार एमपीएल में टीमों की संख्या बढ़ाकर 10 कर दी गई है, जो राज्य क्रिकेट के लिए बड़ा कदम माना जा रहा है. एमपीसीए अध्यक्ष महाआर्यमन सिंधिया ने इसे प्रदेश के उभरते खिलाड़ियों के लिए सुनहरा अवसर बताया. मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग एमपीएल 2026 के मेगा ऑक्शन को लेकर एमपीसीए अध्यक्ष महाआर्यमन सिंधिया ने इसे प्रदेश क्रिकेट के लिए एक अहम मील का पत्थर बताया. उन्होंने कहा कि एमपीएल का विस्तार कर 10 टीमों तक ले जाना मध्य प्रदेश के क्रिकेट ढांचे को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम है. इससे राज्य के अधिक से अधिक युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलेगा. सिंधिया ने आगे कहा कि इस तरह के बड़े आयोजन से न सिर्फ खिलाड़ियों को पहचान मिलेगी, बल्कि चयन की प्रक्रिया भी अधिक प्रतिस्पर्धी और पारदर्शी बनेगी. उन्होंने उम्मीद जताई कि एमपीएल आने वाले वर्षों में राज्य के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा.

### ▶ ये रहे टॉप खिलाड़ी... और उनकी कीमत

- आशुतोष शर्मा - 15 लाख मालवा स्टेलियंस
- अक्षत रघुवंशी - 13.80 लाख रीवा जगुआर
- अनिकेत वर्मा - 13.20 लाख
- शिवांग कुमार - 13 लाख बुंदेलखंड बुल्स
- मंगेश यादव - 12 लाख ग्वालियर चीताज
- माधव तिवारी - 10.60 लाख उज्जैन फाल्कन)
- कुमार कार्तिकेय सिंह - 10.20 लाख रॉयल निमाड़ ईगल्स
- सारांश जैन - 9.60 लाख निमाड़ ईगल
- आवेश खान - 8.20 लाख चंबल घड़ियाल
- कुलदीप सेन - 7 लाख बुंदेलखंड बुल्स
- शिवम शुक्ला - 6.60 लाख पिंक पैंथर